- bordernewsmirror@gmail.com
- पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
- द्विभाषिक समाचार पत्र

BORDER NEWS MIRROR BNM to the point...

02 अरुणाचल प्रदेश में जदयू के उम्मीदवार उतारने पर कोई परेशानी नहीं: ललन

04 सांसद मनोज तिवारी पहुंचे यूट्यूबर मनीष कश्यप के घर





# बॉर्डर न्यूज मिरर

...खबरों से समझौता नहीं

● पटना, शुक्रवार, 05 जनवरी 2024 | www.bordernewsmirror.com | ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रुपए ● वर्ष: 04, अंक: 321


## शिक्षा मंत्रालय ने लॉन्च किया 'प्रेरणा कार्यक्रम'

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने गुरुवार को नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एक सप्ताह का 'प्रेरणाः एक अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम' लॉन्च किया है।

शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 'प्रेरणा' नौवीं से बारहवीं कक्षा के चयनित छात्रों के लिए एक सप्ताह तक चलने वाला आवासीय कार्यक्रम है।


यह एक अनुभवात्मक और प्रेरणादायक शिक्षण कार्यक्रम है। देश के विभिन्न हिस्सों से हर सप्ताह 20 चयनित छात्रों (10 लड़के और 10 लड़कियां) का एक बैच कार्यक्रम में भाग लेगा। 'प्रेरणा कार्यक्रम' भारत के सबसे पुराने शहरों में से एक, वडनगर, जिला मेहसाणा, गुजरात में 1888 में स्थापित वर्नाक्युलर स्कूल से चलेगा।

# कनाडा में भारतीयों से जबरन वसूली

## विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उठाया सवाल

**नईदिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कनाडा में कुछ भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों से जबरन वसूली की धमकी की रिपोर्टों पर चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय के नव नियुक्त प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कनाडा में मंदिरों पर हमले और भारतीयों को धमकी दिए जाने के संबंध में कहा कि जबरन वसूली की रिपोर्टों पर हम चिंतित है।

उल्लेखनीय है कि कनाडा में हाल में इस आशय की रिपोर्ट सामने आयी थी। खाड़ी देश कतर में भारतीय नागरिकों की सजा के बारे में प्रवक्ता ने कहा कि अपील के लिए 60 दिनों का समय मिला है। कानूनी दल इसके अनुरूप आगे कदम उठायेंगे। उन्होंने बताया कि इन्हें



अलग-अलग अवधि की सजा सुनाई गई और किसी को भी मृत्यु दंड नहीं दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि पहले इन पूर्व नौसैनिकों को कथित तौर पर जासूसी करने के लिए मृत्यु दंड की सजा सुनाई गई थी।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में प्रवक्ता ने चेक गणराज्य में बंदी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता से जुड़े उच्चतम न्यायालय के आदेश पर कहा कि हमने अभी पूरा फैसला नहीं देखा है, इसके बाद ही अगला कदम उठाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि निखिल गुप्ता के परिवारजनों ने न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका हस्तक्षेप की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि उन्हें विदेश मंत्रालय की ओर से सहयोग नहीं मिल रहा है।

इसी प्रकरण पर पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में जायसवाल ने कहा कि अमेरिका में खालिस्तानी आतंकवादी गुरुपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश के मामले में गठित उच्च स्तरीय समिति जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद उसके निष्कर्ष सामने आयेंगे।

## इंदौर, भोपाल और उदयपुर को वेटलैंड सिटी के लिए किया गया नामांकित



**नई दिल्ली।** देश के पहले तीन शहरों इंदौर, भोपाल और उदयपुर को रामसर कन्वेंशन के तहत वेटलैंड सिटी की मान्यता देने के लिए केन्द्र सरकार ने नामांकन किया है। इस योजना का उद्देश्य शहरी और छोटे शहरों की आर्द्रभूमि के संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय आबादी के लिए स्थायी सामाजिक-आर्थिक लाभ को बढ़ावा देना है।

गुरुवार को केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने एक्स पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि भारत के पहले तीन शहरों- इंदौर, भोपाल और उदयपुर ने रामसर कन्वेंशन के तहत प्रतिष्ठित वेटलैंड सिटी के लिए नामांकन प्रस्तुत किया है। इस योजना का उद्देश्य शहरी और पेरी-शहरी आर्द्रभूमि के संरक्षण और बुद्धिमान उपयोग के साथ-साथ स्थानीय आबादी के लिए स्थायी सामाजिक-आर्थिक लाभ को बढ़ावा देना है।

उन्होंने कहा कि यह उन शहरों के लिए भी एक अवसर प्रदान करेगा, जो अपनी प्राकृतिक या मानव निर्मित आर्द्रभूमि को महत्व देते हैं। इससे लोगों को आर्द्रभूमि के साथ मजबूत सकारात्मक संबंधों को प्रदर्शित करने के अपने प्रयासों के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता और सकारात्मक ब्रांडिंग के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि यह सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से संरक्षण और संरक्षण के माध्यम से समृद्धि के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण है।

## दिल्ली हाई कोर्ट ने तय की अंग प्रत्यारोपण के लिए टाइमलाइन, दस दिनों में होनी चाहिए अंगदान प्रक्रिया

**बीएनएम@नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने अंग प्रत्यारोपण के मामले में टाइमलाइन तय करते हुए एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की बेंच ने कहा है कि अंग प्रत्यारोपण के लिए मिले आवेदन पर कमेटी दस दिनों के अंदर विचार करे और अंगदान की पूरी प्रक्रिया छह से आठ हफ्ते में पूरी होनी चाहिए।

हाई कोर्ट ने कहा कि टाइमलाइन का पालन नहीं होने से अंग प्रत्यारोपण पर फैसला करने में दो से तीन साल तक लग जाते हैं और इससे अंग प्रत्यारोपित कराने वाले और अंगदान करने वाले दोनों की परेशानी बढ़ती है। हाई कोर्ट ने कहा कि ट्रांसप्लांटेशन ऑफ ह्यूमन आर्गन्स एंड टिशूज रुल्स के तहत जारी प्रोटोकॉल को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरुरत है और ऐसा करना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वास्थ्य के अधिकार के लिए भी जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि मानवीय गरिमा को कम करने वाला कानून जीवन के अधिकार का आंशिक रूप से उल्लंघन करता है, इसलिए ऐसे अवरोध को दूर करने की जरूरत है। हाई कोर्ट ने कहा कि अंग प्रत्यारोपण के लिए मिले आवेदन की प्रक्रिया दस दिनों के अंदर होनी चाहिए। इसके बाद अंग प्रत्यारोपित कराने वाले और अंगदान करने वाले दोनों के दस्तावेजों के वेरिफिकेशन में 14 दिनों से ज्यादा नहीं लगना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि अंग प्रत्यारोपित कराने वाले और अंगदान करने वाले को जरुरी दस्तावेजों के बारे में नियम के मुताबिक सूचित किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि अंग प्रत्यारोपण के लिए मिले आवेदन की तिथि से 4 से 6 हफ्ते के अंदर दोनों पक्षों का इंटरव्यू तय किया जाना चाहिए। कोर्ट ने साफ किया कि पूरी प्रक्रिया 6 से 8 हफ्ते के अंदर पूरी होनी चाहिए। इसके अलावा अगर कमेटी के फैसले के खिलाफ कोई अपील करता है तो उस पर 30 दिनों के अंदर फैसला होना चाहिए।

दरअसल, हाई कोर्ट में 2020 में बरेली के अमर सिंह भाटिया नामक व्यक्ति ने याचिका दायर कर गंगाराम अस्पताल की ओर से जल्द फैसला नहीं करने को चुनौती दी थी। अमर सिंह भाटिया को किडनी ट्रांसप्लांट करने की जरूरत थी। अमर सिंह की मौत हाई कोर्ट में केस लंबित रहने के दौरान ही अप्रैल, 2021 को मौत हो गई।

**आरोप** | जिसको कट्टर ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटा, उनमें से एक को भी कोर्ट जमानत नहीं दे रही

# केजरीवाल ईडी से डर रहे हैं या देश के नियम कानून से ऊपर हैं: ठाकुर

**बीएनएम@नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने गुरुवार को अरविंद केजरीवाल द्वारा लगातार ईडी के समन की अनदेखी करने और दिल्ली सरकार के मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। पत्रकारों के साथ बातचीत में अनुराग ठाकुर ने सवालिया लहजे में कहा कि क्या अरविंद केजरीवाल देश के नियम कानून से ऊपर हैं? वह ईडी के सामने पेश होने से क्यों डर रहे हैं?

अनुराग ठाकुर ने अरविंद केजरीवाल को कट्टर भ्रष्टाचारी बताते हुए कहा कि राजनीति में आने से पहले कट्टर ईमानदारी की डींगें हांकने



वाले अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार आज सबसे भ्रष्टाचारी पार्टी और सरकार के रूप में सामने आई है। इनके एक के बाद एक घोटाले सामने आ रहे हैं। इन्होंने जिसको कट्टर ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटा, उनमें से एक को भी कोर्ट से जमानत नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल आज लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने वाले, अराजकता और भ्रष्टाचार फैलाने वाले और संवैधानिक संस्थाओं पर निराधार आरोप लगाने वाले नेता के तौर पर प्रसिद्ध हो चुके हैं। उनके उपमुख्यमंत्री, मंत्री और सांसद आदि जेलों में पड़े हैं।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल का भी इन सभी भ्रष्टाचारों में हाथ है। पहले फर्जी दवाइयों का घोटाला सामने आया और अब फर्जी टेस्टिंग के नाम पर भी घोटाले की बात सामने आ रही है। यह सीधे तौर पर लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ है।

## भारत-नेपाल के बीच हुए चार समझौते

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के बीच गुरुवार को चार करार पर हस्ताक्षर हुए और संयुक्त रूप से सीमा पार तीन वितरण लाइन का उदघाटन किया गया।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर दो दिवसीय काठमांडू दौरे पर हैं। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर और उनके समकक्ष एन.पी. साउद ने आज भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की।

विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर बताया कि उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं का कार्यान्वयन, दीर्घकालिक ऊर्जा व्यापार, नवीकरणीय ऊर्जा विकास में सहयोग, मुनाल उपग्रह पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। इसी मौके पर जजरकोट के भूकंप पीड़ितों के लिए पांचवें चरण की राहत सामग्री सौंपी गयी।

# अरुणाचल प्रदेश में जदयू के उम्मीदवार उतारने पर कोई परेशानी नहीं: ललन

**बीएनएम@पटना**

अरुणाचल प्रदेश में जदयू के उम्मीदवार उतारे जाने पर आईएनडीआईए गठबंधन की ओर से आये प्रतिक्रिया पर जदयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह ने गुरुवार को कहा कि वहां जो भी फैसला लिया गया है, उसको लेकर कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल में हमारा संगठन मजबूत है। अरुणाचल में हमने कैंडिडेट दिया है। उन्होंने कहा कि हमें पता है कि हमें क्या करना है।

जदयू ने बुधवार को अरुणाचल प्रदेश की एक सीट के लिए अपने लोकसभा उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने अरुणाचल वेस्ट से रुही टांगुंग को दल का उम्मीदवार घोषित किया है। वह अरुणाचल जदयू के प्रदेश अध्यक्ष हैं।

इंडिया गठबंधन की सभी पार्टियों के बीच इस बात पर सहमति बनी थी कि जिस राज्य में जो पार्टी मजबूत होगी, उस राज्य में वही पार्टी फैसला लेगी। गठबंधन के इस फैसले के आधार पर ही यूपी और बंगाल में सपा और टीएमसी सीटों के बंटवारे को लेकर अपना अधिकार जता रहे हैं।

## तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार से की मुलाकात

**पटना।** ललन सिंह के जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने के बाद बिहार में सियासी हलचल बढ़ गयी है। इस बीच गुरुवार शाम उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने उनके आवास पहुंचे। दोनों की मुलाकात को अहम माना जा रहा है। दरअसल, गया दौरे से आने के बाद तेजस्वी यादव एक अन्य मार्ग पहुंचे हैं। ललन सिंह की ओर से लालू यादव का समर्थन करने की चर्चा के बीच मुख्यमंत्री ने खुद जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभाला और दिल्ली से लौटने के बाद ऐसी चर्चा थी कि मुख्यमंत्री तेजस्वी से दूर बना रहे थे। क्योंकि, दिल्ली से लौटने के बाद मुख्यमंत्री तेजस्वी के साथ एक भी सरकारी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। आईएनडीआईए की बैठक में भी लालू-तेजस्वी से नीतीश कुमार की नाराजगी नजर आई थी। इन सबके बीच तेजस्वी का नीतीश कुमार से मिलने जाना बेहद खास माना जा रहा है।




## कटिहार लोकसभा सीट से भाजपा के कार्यकर्ता ही लड़ेंगे चुनाव: मिथिलेश तिवारी


**कटिहार।** भारतीय जनता पार्टी के बिहार प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी ने कटिहार भाजपा जिला पदाधिकारी एवं जिला कोर कमेटी की बैठक में कहा कि कटिहार लोकसभा सीट से भाजपा के कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ेंगे। किसी अन्य को स्थान और टिकट नहीं दिया जाएगा और तीसरी बार मोदी सरकार अबकी बार 400 पार होगा। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में गुरुवार को जिला अध्यक्ष मनोज राय के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी एवं जिला कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी मुख्य रूप से शामिल हुए। मिथिलेश तिवारी कहा कि नीतीश कुमार के विधायक व सांसद भी ज्यादा दिन तक उनके साथ नहीं रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत यह है कि बीते महीने में तीन राज्यों में पूर्ण बहुमत की बनाकर सभी दल एवं सभी राजनीतिक पार्टियों को संदेश दे दिया कि भाजपा विकास के लिए ही जानी जाती है। प्रदेश महामंत्री ने कोर कमेटी की बैठक में सभी जनप्रतिनिधि एवं जिला के पदाधिकारी को मोदी की गारंटी विकसित भारत संकल्प यात्रा में बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले और सरकार की योजनाओं को बताने का कार्य करें।

इस मौके पर प्रदेश मंत्री स्वदेश यादव, पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, कोढा विधायक कविता पासवान, महापौर उषा देवी अग्रवाल, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह, पूर्व विधायक विभाष चंद्र चौधरी, लोकसभा प्रभारी, बिनोद मंडल, जिला प्रभारी सुरेश सुराना, निवर्तमान जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो, जिला महामंत्री रामनाथ पांडे, वीरेंद्र यादव, सौरभ कुमार मालाकार, लोकसभा संयोजक कैलाश सिंह सह संयोजक गोविंद अधिकारी मौजूद रहे।

## जन्मदिन पर संकटमोचन हनुमान जी के साथ फैन्स ने लगाया सुशील मोदी का पोस्टर, बयानबाजी शुरू

**पटना।** लोकसभा चुनाव का समय जैसे जैसे नजदीक आ रहा है। हर दल की राजनीतिक सक्रियता बढ़ती जा रही है। बिहार में बयानों और पोस्टर पॉलिटिक्स भी तेजी हो रही है। पोस्टर के जरिए पक्ष विपक्ष के नेता एक दूसरे को ताकतवर बता दे रहे हैं। इस बीच पटना की सड़कों पर एक ओर पोस्टर लगा दिया गया है। जो भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी का है।

दरअसल सांसद सुशील कुमार मोदी का शुक्रवार को जन्मदिन है। जन्मदिन से पहले पटना में अलग-अलग चौक चौराहों पर पोस्टर लगा कर सुशील मोदी को जन्मदिन की बधाई दी जा रही है, लेकिन एक पोस्टर ऐसा भी है जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह पोस्टर बिहार भाजपा कार्यालय के बाहर लगाई गई है। इस पोस्टर में सुशील मोदी को बिहार भाजपा का संकटमोचन बताया गया है। अब




इस पोस्टर सियासी बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है।

जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि अब तो बिहार भाजपा वालों को हनुमान मंदिर जाने की जरूरत ही नहीं है। हनुमान चालीसा पढ़ने के लिए हनुमान मंदिर नहीं जाना है। सब सुशील मोदी का फोटो लगाइए और कहिए जय बजरंगबली।

### क्या है पोस्टर में

यह पोस्टर सुशील कुमार मोदी फैन्स एसोसिएशन ने लगाया है। पोस्टर में संकटमोचन हनुमान जी की बड़ी सी तस्वीर है, जिसके आगे सुशील मोदी की तस्वीर लगाई गई है और पोस्टर पर लिखा है, ₹ 5 जनवरी जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं₹ ₹बिहार भाजपा के संकटमोतचकर₹।

बिहार के राजनीति में विपक्ष की ओर से सुशील मोदी की अहम भूमिका है। लगभग हर दिन वह विपक्षी पार्टियों पर हमलावर रहते हैं और बयान देते रहते है। सुशील मोदी ने कहा था कि 29 दिसम्बर तक सीएम नीतीश ललन सिंह को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से हटा देंगे और खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभाल लेंगे और हुआ भी ऐसा ही।

## महादलितों परिवारों को राहत दिलाने में असमर्थ है बिहार सरकार: राकेश सिन्हा

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिला स्थित अरवा गांव में हुए भीषण अग्निकांड में पत्नी एवं दो पुत्रों सहित नीरज पासवान की मौत के बाद हर ओर शोक का माहौल है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि घटनास्थल पहुंचकर सांत्वना दे रहे हैं।

सभी लोगों द्वारा परिवार का दुख बांटने के साथ ही राहत पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। गुरुवार को राज्यसभा सदस्य (सांसद) प्रो. राकेश सिन्हा ने घटनास्थल पर जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की तथा इस संबंध में जानकारी लिया। उन्होंने अधिकारियों से बात कर तुरंत राहत और पुनर्वास की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

उन्होंने अधिकारियों को अविलंब पीड़ित परिवार सहित सभी भूमिहीन को जमीन का



पर्चा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिससे कि इन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिलाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही हृदय विदारक घटना है। एक ही परिवार के चार लोग जिंदा जल गए, नौ और घर भी जल गए।

राकेश सिन्हा ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि 1971 से आज तक यहां के महादलित परिवारों को जमीन का स्वामित्व नहीं मिल पाया है। बिहार सरकार का खोखला आश्वासन इन महादलितों परिवारों को न्याय और राहत दिलाने में असमर्थ है। मौखिक सांत्वना से कुछ नहीं होगा, यहां के लोगों को उनका अधिकार दिलाना ही ध्येय है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित अधिकारियों से बातचीत किया। अधिकारी को अविलंब जमीन का पर्चा दिलाने तथा सभी परिवार को तत्काल राहत एवं पुनर्वास की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। तत्काल एस्बेस्टस की व्यवस्था कर घर की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने इनके लिए सभी व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है।

## बिहार के मुजफ्फरपुर में मिले कोरोना के तीन मरीज

**पटना।** बिहार के अलग-अलग जिलों में कोरोना के मामले में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पटना, मुजफ्फरपुर, गया और सासाराम में कई मामले सामने आ चुके हैं। गुरुवार को एक बार फिर मुजफ्फरपुर में कोरोना के मरीज पाये गये हैं। गुरुवार को मुजफ्फरपुर में एक साथ तीन संक्रमित मरीजों के मिलने से इलाके में हड़कंप मचा गया है। एसकेएमसीएच और सदर अस्पताल में आरटीपीसीआर टेस्ट में आई रिपोर्ट के अनुसार तीन मरीज कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। इसके साथ ही मुजफ्फरपुर में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर चार हो गयी है। इससे पहले गया में 3 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी जबकि सासाराम में कोरोना से 10 साल की बच्ची की मौत हुई थी। कोरोना से संक्रमित मरीजों में 12 साल का बच्चा और 20 साल की युवती भी शामिल है। जिसमें दो कटरा और एक मीनापुर का रहने वाला है। तीनों मरीजों को खांसी, सर्दी और बुखार था जो अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे थे जहां डॉक्टरों ने तीनों का आरटीपीसीआर टेस्ट कराया तब रिपोर्ट में ये कोरोना पॉजिटिव निकले।

# निर्वाचन कार्य को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : जिलाधिकारी

**बेतिया।** अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर निर्वाचक सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले में किये जा रहे कार्यों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को पुनः समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



पीएसई (फोटो सिम्लर इन्ट्री) एवं डीएसई (डेमोग्राफी सिम्लर इन्ट्री) कार्यों को लक्ष्य के अनुरूप ससमय शत-प्रतिशत निष्पादित कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त द्वारा पीएसई (फोटो सिम्लर इन्ट्री) एवं डीएसई (डेमोग्राफी सिम्लर इन्ट्री) से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा नियमित रूप से निर्वाचन कार्यों की समीक्षा की जा रही है। आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्परतापूर्वक कार्य करना है। सभी संबंधित अधिकारी इसे अत्यंत ही गंभीरता से लें। बीएलओ एवं अन्य कर्मियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की लगातार समीक्षा एवं अनुश्रवण करें। निर्वाचन कार्य में लापरवाही, शिथिलता एवं कोताही बरतने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि टीम वर्क के साथ कार्य करते हुए ससमय निर्वाचन कार्यों को सम्पन्न कराना सुनिश्चित किया जाय।

उन्होंने निर्देश दिया कि पीएसई (फोटो सिम्लर इन्ट्री) एवं डीएसई (डेमोग्राफी सिम्लर इन्ट्री) के फर्स्ट एवं सेकेन्ड फेज अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में ससमय पूर्ण करना है। फर्स्ट फेज अंतर्गत लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में शत-प्रतिशत प्राप्त करना है। इसी तरह सेकेन्ड फेज अंतर्गत लक्ष्य को भी निर्धारित समयावधि में मैक्सिमम एचिव करना है।

उन्होंने कहा कि पीएसई (फोटो सिम्लर इन्ट्री) एवं डीएसई (डेमोग्राफी सिम्लर इन्ट्री) को लेकर यहां प्रशिक्षण दिया जा रहा है। किसी को भी अगर किसी प्रकार का संशय है तो अवगत कराएं, समाधान कराया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान पीएसई, डीएसई विदिन पार्ट विदिन एसी, एक्रॉस पार्ट विदिन एसी फॉर्म 7 एवं 8 आदि के संदर्भ में स्टेपवाइज विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी लालबहादुर राय, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, यशलोक रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण, एसडीएम डॉ विनोद कुमार सहित सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं उनके अधीनस्थ कर्मी उपस्थित थे।

## 18 लाख नेपाली जाली करेंसी के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

मोतिहारी। नेपाल के कई क्षेत्रों में भी जाली नेपाली नोट बनाए जाने का खुलासा नेपाल के रौतहट जिला पुलिस ने किया है। जहां नेपाल पुलिस ने 18 लाख रुपये से ज्यादा जाली नेपाली करेंसी के साथ एक नेपाली युवक को गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार रौतहट जिला के देवाही गोनाही नगरपालिका पटेल चौक से गुजरा नगरपालिका वार्ड नम्बर-5 निवासी 25 वर्षीय संदीप जायसवाल को 18 लाख 43 हजार जाली नोट के साथ उस वक्त गिरफ्तार किया, जब पुलिस विभिन्न सवारी की जांच कर रही थी। इसकी जानकारी रौतहट पुलिस प्रवक्ता प्रहरी नायब उपरीक्षक एलिजा गिरी ने दिया। इसके साथ ही आरोपी जायसवाल के पास से विभिन्न बैंक के 5 एटीएम एवं 16 लाख 65 हजार के चेक भी बरामद किया गया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर इसके लिंकेज को खंगालने में जुटी है।

## सेवानिवृत्त होमगार्ड जवान को दी गई विदाई




**बीएनएम@शिवहर**

जिलाधिकारी पंकज कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में सेवानिवृत्त हुए होमगार्ड जवान राजकिशोर साह इनरवा गांव निवासी को जिलाधिकारी के द्वारा फूल माला पहनाकर दिया गया विदाई। गौरतलब हो कि जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत 22 होमगार्ड जवान सेवानिवृत हुए हैं। डीएम ने उनके स्वस्थ जीवन जीने की कामना करतें हुए आशीर्वाद दिया है। वहीं श्यामपुर भटहां थाना में प्रतिनियुक्ति गृहरक्षक जवान लक्ष्मण राय को सेवानिवृत्त होने पर श्यामपुर भटहां थानाध्यक्ष रोहित कुमार के द्वारा शॉल ओढ़ाकर व सूटकेस देकर दिया गया विदाई व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं गृह रक्षा वाहिनी संघ के जिला अध्यक्ष रामकिशोर सिंह के द्वारा बताया है कि इनमें कुछ ऐसे भी जवान है जिनका कुछ उम्र बढ़ाकर (उम्र सुधार कर) सेवा लेने की संभावना है।

## भागवत कथा के श्रवण से ही मिल जाती पापों से मुक्ति : धर्मेंद्र

**बीएनएम@पताही**



प्रखंड क्षेत्र के जिहुली गांव निवासी चंदन सिंह के दरवाजे पर उनके पिता स्वर्गीय कृष्ण मुरारी सिंह के आगामी 8 जनवरी को होने वाली पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भ भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचन धर्मेंद्र शास्त्री ने देव आवाहन पूजा अर्चना कर भागवत कथा का शुभारंभ किया है। कथा वाचक धर्मेंद्र शास्त्री ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। यह कल्पवृक्ष के समान है। भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है, वही साक्षात भागवत है। भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। कहा कि परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। साथ ही उन्होंने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है। इसके साथ साथ भागवत के छह प्रश्न, निष्काम भक्ति, 24 अवतार श्री नारद जी का पूर्व जन्म, परीक्षित जन्म, कुन्ती देवी के सुख के अवसर में भी विपत्ति की याचना करती है। क्यों कि दुख में ही तो गोविन्द का दर्शन होता है। जीवन की अन्तिम बेला में दादा भीष्म गोपाल का दर्शन करते हुये अद्भुत देह त्याग का वर्णन किया।

साथ साथ परीक्षित को श्राप कैसे लगा तथा भगवान श्री शुकदेव उन्हे मुक्ति प्रदान करने के लिये कैसे प्रगट हुये इत्यादि कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर कथा आयोजक चंदन सिंह, अभिषेक सिंह, मणि भूषण सिंह, अमित सिंह, लाल बाबू सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धालु ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रमण किया।

टिप्स | प्रशिक्षु डीएसपी नवनीत कुमार के नेतृत्व में मिली कामयाबी


# तीन लुटेरे तमंचा के साथ गिरफ्तार, कई खुलासे

**बेतिया।** गत वर्ष 2023 के नवंबर माह में योगापट्टी थाना क्षेत्र के रूदलपुर गाँव के पास उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस कंपनी के कर्मी से हुई लूट कांड के मामले में योगा पट्टी पुलिस ने तीन लुटेरों को एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, दो मोटरसाइकिल एवं दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। उक्त जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ महताब आलम ने बताया कि लूट कांड के बाद अपराधियों की धर पकड़ के लिए प्रशिक्षु डीएसपी नवनीत कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा तकनीकी एवं मैन्युअल अनुसंधान के क्रम में छापामारी कर 3 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से दो मोटरसाइकिल एवं दो मोबाइल बरामद किया है। साथ ही गिरफ्तार अपराधियों के निशान देही पर पुलिस ने एक देसी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया।



गिरफ्तार अपराधियों में यीगापट्टी थाना के रूदलपुर पटेरवा निवासी असलम अंसारी 34 वर्ष पिता स्वर्गीय झकड़ अंसारी, साठी थाना के सिरसिया बेलवा निवासी कासिम अंसारी 42 वर्ष पिता स्वर्गीय फरदे अंसारी एवं जमशेद अंसारी 30 वर्ष पिता नबी हसन अंसारी शामिल हैं । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने विभिन्न थाना क्षेत्र में करीब आधा दर्जन लूट कांडों में छापामारी अपनी संलीपतता का स्वीकार की है। टीम में योगा पट्टी थाना अध्यक्ष मनोज कुमार प्रसाद ,साठी थाना अध्यक्ष उदय कुमार , तकनीकी शाखा प्रभारी धनंजय कुमार एवं निर्भय कुमार, दरोगा अभिराम सिंह , मनोज कुमार, उमेश यादव ,पंचरत्न सिंह ,अमरनाथ सिंह आदि शामिल थे।


MADAN RAJ
NURSING HOME
★ Dr. C.B. Singh
MBBS
★ Dr. Khushboo Kumari
MBBS, MD
(Obstetrics & Gynecology)
★ Dr. Vibhu Prashar
MBBS, MD
(Critical Care & Anthropology)



24-Hour Emergency Service
SERVICE AVAILABLE
General & Laparoscopic Surgeon
Orthopedic & Trauma Surgeon
All Type & Cbs & Gynee Services
24x7 Smart Advanced ICU Services
Daily Cancer Clinic
HOSPITAL ROAD MOTIHARI, (BIHAR)
Contact No.- 9801637890, 6200480505, 9113274254

## पत्रकार की बाइक चोरी

मोतिहारी। बुधवार की देर रात्रि शहर के राजा बाज़ार मोहल्ले में चोरो ने वार्ड नंबर 40 स्थित प्रमोद श्रीवास्तव के मकान में किराये पर रह रहे पत्रकार अरबिंद कुमार की गाड़ी चोरो द्वारा चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ति पत्रकार ने नगर थाना में आवेदन देकर बताया है, की रात में मैंने अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटर साइकिल लगाकर खाना खाकर सो गया सुबह उठकर देखा तो बाइक पैसेज में नहीं था, तो मैंने काफी खोजबीन किया, लेकिन बाइक नहीं मिला मेरी गाड़ी जिसकी कलर ब्लैक सिल्वर जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर BR 05 AE 3049 था, चोरी हो गयी।

## रंगदारी मांगने का आरोपी गया जेल

तुरकौलिया। तुरकौलिया पश्चिमी पंचायत के मुखिया रामजनम पासवान से चार लाख रुपए रंगदारी मांगने के मामले में आरोपित प्रदीप पासवान जेल चला गया है। पुलिस दबिश के कारण अशर्फीसाह टोला के प्रदीप पासवान रंगदारी मामले में गुरुवार को न्यायलय में सरेंडर करने पंहुचा था। जहां न्यायलय द्वारा गुरुवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बताया जाता है कि पुलिसिया दबिश के कारण वह कोर्ट में सरेंडर कर जमानत लेने गया था। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। विदित हो कि तुरकौलिया पश्चिमी पंचायत के मुखिया रामजनम पासवान से उसका का ही पुत्र प्रदीप पासवान ने अशर्फीटोला के मोहन भगत व प्रखंड कलोनी तुरकौलिया के कृष्णा पासवान से मिलकर गत साल 4 लाख रुपए की रंगदारी की मांग किया था। साथ ही रंगदारी की रकम नही देने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दिया था। इतना ही नही पंचायत भवन जाने के रास्ते में घेर कर मुखिया के साथ गाली-गलौज व धक्का करते हुए धमकी दिया था। घटना को लेकर मुखिया ने थाना पर आवेदन देकर उक्त तीनों व्यक्तियों को आरोपित करते हुए इनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था। थानाध्यक्ष अनील कुमार ने प्रदीप पासवान को जेल जाने पुष्टि की है।

# डाटा इंट्री ऑपरेटर की लेटलतीफी से सीएचसी की ओपीडी सेवा हो रही प्रभावित

अमृतेश कुमार ठाकुर



**बीएनएम@केसरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी काउंटर पर तैनात डाटा इंट्री ऑपरेटर की लेटलतीफी से ओपीडी की सेवा प्रभावित हो रही है। जिसका खामियाजा सुदूर ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी है कि ओपीडी( बाह्य रोगी विभाग) प्रतिदिन (रविवार को छोड़कर) सुबह आठ बजे से दोपहर के दो बजे तक संचालित होता है। जहाँ चिकित्सीय परामर्श को लेकर इस काउंटर पर मरीज को एक पर्ची बनवानी होती है। रोगी का पर्ची बनने के बाद संबंधित रोग के चिकित्सक उसका इलाज करते हैं। काउंटर पर मरीज का पर्ची बनाने को लेकर डाटा इंट्री ऑपरेटर मुकेश रंजन की तैनाती है। लेकिन डाटा इंट्री ऑपरेटर के समय से अस्पताल नहीं आने के कारण मरीजों के ओपीडी हेतु पर्ची ससमय नहीं बनता है। जिस कारण चिकित्सक भी संबंधित मरीज को आवश्यक चिकित्सीय सलाह नहीं दे पाते हैं। मरीज इस समस्या से लगभग प्रति कार्यदिवस को सामना करते हैं। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन करीब दो से तीन सौ के बीच मरीज आते हैं। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अर्चना ने बताया कि संबंधित डाटा इंट्री ऑपरेटर को कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर पूर्व में कई बात फटकार लगायी गई है। यदि अब भी कार्यशैली में सुधार नहीं होता है तो अग्रतर कार्रवाई को लेकर जिला को लिखा जाएगा।

# सासंद मनोज तिवारी पहुंचें यूट्यूबर मनीष कश्यप के घर

बेतिया (मोहन सिंह)




गुरुवार को भाजपा सांसद मनोज तिवारी मनीष कश्यप के घर पश्चिमी चंपारण जिले के मझौलिया प्रखंड के महनवा पहुंचे जाहां हजारों लोग की भीड़ ने स्वागत किया।वही इस खबर से राजनीतिक अटकलें लगने लगीं कि मशहूर यूट्यूबर मनीष कश्यप उर्फ त्रिपुरारी तिवारी जल्द ही भाजपा की सदस्यता ले सकते हैं। वह लोकसभा चुनाव में भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं ?

### लगभग 45 मिनट तक मनीष कश्यप के घर रुकें सांसद

मनोज तिवारी इस दौरान मनीष कश्यप के घर पर लगभग 45 मिनट तक रूकें।मनोज तिवारी के पहुंचने पर उनकी मां ने आरती उतारी।इसके बाद मनीष ने उन्हें अपना घर दिखाते हुए कहा कि इसे मेरे स्वतंत्रता सेनानी रहे दादाजी ने बनवाया था।इसी घर की कुर्की करा दी गई।यहां एक पुराना चापाकल था जिससे घर के लोग पानी पीते हैं उसे भी उखाड़ कर ले गए।इस दौरान मनोज तिवारी ने ग्रामीणों से कहा कि पीएम मोदी जी को पता है।मैं यहां आया हूं।मनोज तिवारी ने कहा कि हम मनीष के साथ है।इस दौरान मनीष कश्यप से राजनीति से लेकर कई तरह के मुद्दों पर चर्चा किए। मनीष कश्यप ने दिल्ली जाकर मनोज तिवारी से मुलाकात की थी। वह इस दौरान जेल में बीते अपने दिनों के किस्से सुनाते हुए काफी भावुक हो गए थे।आपको बता दें कि तमिलनाडु में बिहारियों की पिटाई से संबंधित फेक न्यूज फैलाने के मामले में यूटूबर मनीष कश्यम 9 महीने जेल में रहे। अब जब वह जमानत पर बाहर आ गए है।

## हरसिद्धि प्रखंड प्रमुख चंदा देवी के विरुद्ध पंचायत समिति सदस्यों ने लगाया अविश्वास


हरसिद्धि। हरसिद्धि प्रखण्ड प्रमुख चंदा देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए पंचायत समिति सदस्यों ने गुरुवार को बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार पासवान को एक लिखित अविश्वास पत्र दिया है। अविश्वास पत्र में पहला पत्र कृतपुर के पंचायत समिति सदस्य हसन रजा ने दिया है। उनके आवेदन पर नौ पंचायत समिति सदस्यों का हस्ताक्षर था। जांच के बाद पंचायत समित सदस्य रजिया खातून जिसका हस्ताक्षर उस आवेदन पर था, उन्होंने अपने हस्ताक्षर से इनकार कर दिया। उसने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया कि यह हस्ताक्षर मेरा नही है, विपक्षी मेरी फर्जी हस्ताक्षर कर गुमराह किया है। दूसरा अविश्वास पत्र का आवेदन मटियारिया पंचायत के समिति सदस्य जानकी देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। उनके अविश्वास पत्र केआवेदन पर बारह सदस्यों ने हस्ताक्षर कर प्रमुख के खिलाफ अविश्वास जताया। हस्ताक्षर करने वाले समिति सदस्यो में जानकी देवी, वासीमा खातून, रजिया खातून, रिजवाना खातून, सरफराज राय, दीपक कुमार, विजय कुशवाहा, दिनेश प्रसाद, प्रदीप यादव , अमजद खान ,सुगानती देवी, गुलायची देवी, आदि प्रमुख है। इसकी पुष्टि करते हुए बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया की अविश्वास का आवेदन मिला है। इसे प्रखण्ड प्रमुख को भेज दिया गया तथा इसकी लिखित सूचना जिला पदाधिकारी पंचायती राज पदाधिकारी एवम अनुमंडल पदाधिकारी को दे दी गई है।नियमानुसार आगे की कार्रवाई होगी। ज्ञात हो कि वर्तमान प्रखंड प्रमुख चंदा देवी से बिक्षुब्ध पंचायत समिति सदस्य पिछले कुछ महीनो से विरोध कर रहे थे, जिसमें विश्वास पत्र भी प्रखंड कार्यालय में दाखिल किया। प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध सभी पंचायत समिति गोलबंद हो चुके हैं।



# वाल्मीकिनगर में पैंट्रीकार स्टॉफ और लोकल वेंडर में जमकर हुई मारपीट, करीब 2 घंटे तक रुकी रही ट्रेन

बीएनएम@बेतिया



बगहा के वाल्मीकि नगर में 15707 कटिहार अमृतसर एक्सप्रेस तकरीबन 2 घंटे 10 मिनट तक रुकी रही । कारण पैंट्रीकार के मैनेजर और स्टाफ से स्थानीय वेंडर उलझ गए। इस बीच यात्रा करने वाले यात्री परेशान नजर आए। बताया जा रहा है कि 15707 में बगहा से कुछ स्थानीय वेंडर पकोड़ा लेकर चले। इसके बाद पैंट्री कर वालों ने मना कर दिया जिसके बाद स्थानीय वेंडर उत्पाद मचाना शुरू किया। इस दौरान तकरीबन 3 वेंडर इस घटना में घायल हो गए। पैंट्री कार के मैनेजर ने बताया कि स्थानीय वेंडर पैंट्री कार के अंदर घुस गए और मारपीट शुरू कर दिया। जिसमें मैनेजर का सर फूट गया। वहीं एक सहयोगी दोनों गंभीर रूप से जख्मी है। फिलहाल दोनों को पुलिस के द्वारा इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि स्थानीय वेंडर के द्वारा जबरदस्ती ट्रेन में घुसकर मारपीटाइ की गई। इसके साथ ही ट्रेन के अंदर स्थानीय वेंडरो ने लूटपाट की गई ।

### काट दिए हॉर्स पाइप

बताया जा रहा है कि ट्रेन को रोकने के लिए पहले चेन पुलिंग किया गया। फिर हॉर्स पाइप काटकर स्थानीय वेंडर के द्वारा ट्रेन के अंदर तांडव मचाया गया। इस बीच यात्री परेशान दिखे एक यात्री ने बताया कि इलाज के लिए जा रहे हैं 3 घंटे का समय तो यही गुजर गया।

### बोले अधिकारी

जीआरपी के एसआई विपिन कुमार ने बताया कि स्थानीय वेंडर और रेलवे के वेंडरों के बीच में मारपीट हुई है। जिसके कारण ट्रेन रुक गई। फिलहाल किसी तरह से यातायात को बहाल कराया गया है । वही पेंट्री कार के मैनेजर के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में एफआईआर करते हुए हमला बोलने वाल वाले लोगों के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई करने में जुटी हुई है। जल्द ही पहचान कर सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### डाइवर्ट है यह ट्रेन

5707 आम्रपाली एक्सप्रेस 27 तारीख से 14 जनवरी तक डायवर्ट किया गया है जिसके वजह से यह ट्रेन नरकटियागंज जंक्शन से आगे के लिए जा रही हैं।

# Editorial

## साफ होते शहर-गांव

करीब नौ साल पहले का वह मंजर यकीनन यादगार था जब पीएम नरेंद्र मोदी स्वयं झाड़ू लेकर राजधानी दिल्ली की सड़कों पर सफाई करने उतरे थे। उनके पीछे- पीछे उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों से लेकर सरकारी बाबुओं तक का हुजूम भी सड़कों पर उतर आया था। 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन का आगाज़ किया था। यकीनन, महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें इससे बेहतर श्रद्धांजलि शायद दी भी नहीं जा सकती थी। आजाद भारत में संभवतः यह पहला मौका था जब देश में स्वच्छता को लेकर सरकार ने इतनी गंभीरता दिखलाई। 140 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाला अगुआ यदि खुद सड़क पर उतर आए, फिर समुद्र किनारे घूम घूम कर कूड़ा उठाने लग जाए, तो यह समझना कतई मुश्किल नहीं कि देश की हुकूमत का साफ सफाई को लेकर नजरिया क्या है। बीते कुछ वर्षों में, जाहिर तौर पर स्वच्छता के मोर्चे पर हमने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आज शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर देश भर में कई प्रतियोगितायें हो रही हैं । उनमें एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी हुई है। पीएम मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में स्वच्छता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। शायद यही वजह है कि स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत के बाद भारत में स्वच्छता का पुनर्जागरण हुआ है। मिशन ने न केवल शहरों का कायाकल्प किया बल्कि गांवों में भी स्वच्छता की अलख जगाई है। अपने देश को साफ सुथरा रखने की संवेदनशीलता और भावना आज पूरे देश में ही दिखती है। गांधीजी की आजीवन स्वच्छता की अलख जगाते रहे। दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान वहां उन्हें श्वेत निवासियों के इस दावे से लड़ना पड़ा कि भारतीयों में स्वच्छता की कमी है और इसलिए उन्हें अलग रखने की जरुरत है। नटाल विधान सभा को लिखे एक खुले पत्र में, गांधी ने कहा था कि जहां तक स्वच्छता के मानकों का सवाल है, भारतीय भी यूरोपीय लोगों के बराबर हो सकते हैं, बशर्ते उन्हें भी उसी तरह का ध्यान और अवसर दिया जाए। 1915 में भारत लौटने पर, उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपने कार्यक्रमों के मूल में स्वच्छता के मंत्र को रखा।

## पूर्वोत्तर: नवाचार के माध्यम से विकास को गति

**जी किशन रेड्डी**



एक दशक पहले विशाल वन क्षेत्र और भूमि से घिरी भौगोलिक स्थिति के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण स्थलाकृति को क्षेत्र के विकास और परिवहन संपर्क के लिए एक प्राकृतिक बाधा के रूप में माना जाता था। दस साल बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र के जिरीबाम-इम्फाल में दुनिया का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे घाट पुल एक जीवंत तकनीकी चमत्कार है, जो स्थलाकृति की चुनौतियों के बावजूद निर्बाध परिवहन संपर्क की सुविधा प्रदान करता है। 2014 के बाद से क्षेत्र की वास्तविक क्षमता का लाभ उठाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में 5 लाख करोड़ से अधिक खर्च किए गए हैं। प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास की रणनीति के अनिवार्य हिस्से बन गए हैं, जिनसे इस पहल को और गति मिली है। सार्वजनिक सेवा सुविधा व शासन से लेकर युवा और उद्यम तक, प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग पूर्वोत्तर भारत के अमृत काल में एक नई क्रांति का वादा कर रहा है। मजबूत अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए सड़कों के निर्माण में नवीनतम तकनीक का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है। इससे प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी सड़कें अधिक सुदृढ़ रहेंगी। इसके अलावा, उत्तर पूर्व अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के तत्वावधान में सभी राज्यों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए कृषि और संबद्ध क्षेत्र; आपदा प्रबंधन; वन, पारितंत्र और पर्यावरण; जल संसाधन प्रबंधन; चिकित्सा और स्वास्थ्य; योजना और विकास तथा परिवहन संचार के क्षेत्र में कार्य योजनाएं तैयार की हैं। कृषि और बागवानी इस क्षेत्र के दो सबसे संभावना वाले क्षेत्र हैं, जिनमें आर्थिक विकास और आजीविका सृजन की अपार संभावनाएं हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग भू-क्षेत्र व बागवानी अवसंरचना को मापने, स्थल उपयुक्तता के मूल्यांकन, किसानों के लिए मोबाइल ऐप आदि के लिए किया जा रहा है। पूर्वोत्तर भारत के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम (एसटीआईएनईआर), जो एनईआर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए उत्तर-पूर्वी परिषद (एनईसी) के तहत एक समर्पित योजना है, के माध्यम से 600 से अधिक उद्यमियों, हजारों किसानों और कारीगरों को विभिन्न प्रौद्योगिकियों से लाभ हुआ है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय परियोजनाओं की निगरानी के लिए भी प्रौद्योगिकी का गहनता से उपयोग कर रहा है। लगभग सभी परियोजना स्थलों को जियो-टैग किया गया है और एक परियोजना निगरानी पोर्टल लॉन्च किया गया है। डिजिटल नवाचार परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन और कुशल निगरानी में मदद कर रहा है। पहली बार पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने राज्य सरकारों के साथ सहज सहयोग के लिए सभी राज्यों में अपनी क्षेत्रीय इकाइयां स्थापित की हैं। क्षेत्रीय इकाइयों के लिए एक मोबाइल ऐप विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से इकाइयां परियोजनाओं के तेजी से कार्यान्वयन और राज्य सरकार तथा केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेंगी। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में, टेलीमेडिसिन और मोबाइल डायग्नोस्टिक्स के माध्यम से डिजिटल उपायों का समन्वय चिकित्सा सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखता है। धरातल पर किए जाने वाले एक महत्वपूर्ण विकास में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) और टाटा ट्रस्ट के सहयोगात्मक प्रयास शामिल हैं। इन सहयोगात्मक प्रयासों का लक्ष्य सभी पूर्वोत्तर राज्यों में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल स्थापित करना है।

**(लेखक, भारत सरकार में केन्द्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री हैं।)**

*Today's Opinion*

## *कभी तो तोल-मोल के बोल लिया करो फारुक अब्दुल्ला जी*



**आर.के. सिन्हा**

डॉ.फारुक अब्दुल्ला को आग में घी डालने में बहुत मज़ा आता है। वे भड़काऊ बयान देकर ख़बरों में बने रहना चाहते हैं। हालांकि जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता से देश उम्मीद करता है कि वे तोल-मोल के बयानबाजी करें। पर वे मानने के लिए तैयार नहीं हैं। अब उनके हालिया बयान को सुन लें। फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि भारत को पाकिस्तान से बात करनी चाहिए। गाज़ा में इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध का जिक्र करते हुए उन्होंने यहां तक कह दिया कि हमारा भी गाजा और फिलिस्तीन जैसा हाल हो सकता है। अब फारुक साहब से कोई पूछे कि क्या आपने कभी पाकिस्तान से पूछा कि उसने मुंबई में हमला क्यों करवाया था या फिर उसने करगिल में घुसपैठ किसलिए की थी? वे तो हर स्थिति में भारत की नुक्ताचीनी करने में ही लगे रहते हैं। उन्हें कौन बताए कि विदेश नीति सारे देश की होती है न कि किसी प्रदेश या पार्टी की। अगर भारत पाकिस्तान से कहता है कि वे आतंकवादियों को खाद-पानी देना बंद करे तो इसमें क्या गलत कहता है। उन्होंने एक बार दावा किया था कि चीन की मदद से जम्मू-कश्मीर में फिर आर्टिकल 370 लागू कराया जाएगा। यह जानते हुए भी चीन भारत का जानी दुश्मन है, फिर भी वे चीन के पक्ष में बात करते हैं। क्या फारुक अब्दुल्ला को पता नहीं है कि चीन ने हमारे अक्साईचिन पर अपना कब्जा जमाया हुआ है? क्या उन्हें पता नहीं है कि चीन की तरफ से कब्जाये हुए इलाके का क्षेत्रफल कितना है ? ये 37,244 वर्ग किलोमीटर है। जितना क्षेत्रफल कश्मीर घाटी का है, उतना ही बड़ा है अक्साईचिन। सवाल उठता है कि क्या फारुक अब्दुल्ला ने कभी चीन की इस बात के लिए निंदा की कि उसने भारत के इतने बड़े क्षेत्र पर कब्जा जमाया हुआ है? क्या उन्हें संसद में ध्वनिमत से पारित उस प्रस्ताव के बारे जानकारी नहीं है, जिसमें देश का संकल्प है कि चीन द्वारा हड़पी भारत की भूमि को वापस लिया जाएगा ? इस सबके बावजूद भी वे चीन की मदद से जम्मू-कश्मीर में धारा 370 के पुन: बहाली का ख्वाब देख रहे हैं। फारुक अब्दुल्ला जिस चीन से तमाम उम्मीदें पाले बैठे हैं, उसी चीन ने अपने देश में हज़ारों मस्जिदों को खुलेआम तोड़ा। वह अपने देश के मुसलमानों पर जो ज़ुल्म कर रहा है, उसके बारे में किसी को बताने की जरुरत नहीं है। फारुक अब्दुल्ला या तो कुछ जानना नहीं चाहते या जानकर भी चुप हैं। फारुक अब्दुल्ला फिलहाल श्रीनगर लोकसभा सीट से सांसद हैं। वह केंद्र सरकार में मंत्री भी रहे हैं। आपको याद होगा कि उन्होंने चेनाब घाटी में एक कार्यक्रम के दौरान पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर भारत के दावे को लेकर कहा था कि "क्या यह तुम्हारे बाप का है"? "पीओके भारत की बपौती नहीं है जिसे वह हासिल कर ले"। फारुक अब्दुल्ला ने पाकिस्तान के साथ सुर में सुर मिलाते हुए कहा था "नरेंद्र मोदी सरकार पाकिस्तान के कब्जे से पीओके को लेकर तो दिखाए।" मतलब यह कि फारुक अब्दुल्ला के मुताबिक पीओके हासिल करना भारत के लिए नामुमकिन ही है। यह तो भारत में रहकर भारत को सीधे धमकी देना नहीं तो क्या है ? फारुक अब्दुल्ला को कभी संसद लाइब्रेरी में जाकर भारतीय संसद के 22 फरवरी,1994 को पारित प्रस्ताव को पढ़ लेना चाहिए। उस प्रस्ताव में भारत ने पीओके पर एक फैसला लिया था। उस दिन संसद ने एक प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित करके पीओके पर अपना पूरा हक जताते हुए कहा था कि पीओके सहित सम्पूर्ण जम्मू-कश्मीर भारत का अटूट अंग है। "पाकिस्तान को उस भाग को छोड़ना ही होगा जिस पर उसने कब्जा जमाया हुआ है।" फारुक अब्दुल्ला के विवादास्पद बयानों की सूची बहुत लंबी है। वे कश्मीर में भारतीय सैनिकों पर पत्थर फेंकने वालों का भी समर्थन कर चुके हैं। अब जरा सोच लें कि वे कितने गैर-जिम्मेदार हैं ? फारुक अब्दुल्ला ने कहा था अगर कुछ नौजवान सीआरपीएफ के जवानों पर पत्थर मार रहे हैं, तो कुछ सरकार द्वारा प्रायोजित भी हैं।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796,
प्रसार:-9470050309 ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# 40 की उम्र के बाद फिट रहने के लिए फॉलो करें ये डाइट



आधुनिक समय में फिट रहना बेहद कठिन टास्क है। खासकर, 40 की उम्र के बाद सेहतमंद रहना किसी चुनौती से कम नहीं है। इस उम्र में दिल की बीमारी, मधुमेह, ब्लड प्रेशर, किडनी और लिवर संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके लिए सेहत पर विशेष ध्यान देने की जरुरत पड़ती है। इसमें सही दिनचर्या का पालन, उचित खानपान, रोजाना योग और एक्सरसाइज जरूर करें। वहीं, सेहतमंद रहने के लिए डाइट प्लान में व्यापक सुधार करें। लापरवाही बरतने पर बीमार पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप 40+ ग्रुप में शामिल हैं, तो सेहतमंद रहने के लिए फॉलो करें ये डाइट प्लान--हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो 40 की उम्र के बाद व्यक्ति को खाने में दूध, दही समेत डेयरी उत्पादों का कम से कम उपयोग करें। डेयरी उत्पादों से कोलेस्ट्रॉल बढ़ने लगता है। वहीं, इस उम्र में मेटाबॉलिज़्म धीमा हो जाता है। इसके लिए सुबह के नाश्ते में डेयरी उत्पादों का कम सेवन करें। वहीं, डाइट में अंडे, ताजे फल आदि चीजों को जरूर शामिल करें।

40 साल के बाद फल और सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करना चाहिए। इनमें कैलोरी कम होती है। वहीं, फल और सब्जियों में कई गुणकारी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद साबित होते हैं। इसके लिए लंच में फल और सब्जियों का अधिक से अधिक सेवन करें।

शाम के समय स्नैक्स में सूखे मेवे और अंकुरित अनाज यानी स्प्राउट्स का सेवन करें। वहीं, तली-भुनी चीजों का सेवन बिल्कुल न करें। इससे कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा रहता है।

रात के खाने में प्रोटीन रिच फ़ूड चीजों का सेवन अधिक से अधिक करें। एक चीज का अवश्य ध्यान रखें कि कोई भी मील स्किप न करें। वहीं, रोजाना योग, एक्सरसाइज और वॉकिंग जरूर करें। इस डाइट प्लान को फॉलो करने से आप सेहतमंद रह सकते हैं।

# नींद पूरी होने के बाद भी रहती है कमज़ोरी, तो कमी दूर करेंगे ये फूड्स

विटामिन-B12 एक ऐसा पोषक तत्व है, जिसकी मदद से हमारा शरीर कई तरह के काम करता है, जैसे- डीएनए सिन्थसिस, एनर्जी का उत्पादन और केंद्रीय तंत्रिका तंत्र कार्य। यह विटामिन कई तरह के फूड्स में पाया जाता है, लेकिन फिर बी12 की शरीर में कमी आम बात है।

इसकी कमी के कारण लोग रात भर की नींद लेकर भी सुबह तरोताज़ा महसूस नहीं करते। सुबह उठते ही उन्हें मॉर्निंग सिकनेस या कमज़ोरी लगने लगती है। सिर्फ इतना ही नहीं खुद को बिस्तर से उठाना तक मुश्किल हो जाता है। विटामिन बी12 की शरीर में कमी खान-पान में कमी या फिर किसी बीमारी के कारण होती है।



एक शोध के अनुसार, 60 साल की उम्र से ऊपर के करीब 20 प्रतिशत लोग विटामिन-बी12 की कमी से जूझते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि खाने से विटामिन-बी12 को अवशोषित करने की क्षमता उम्र के साथ घटती जाती है, इसलिए इसकी कमी आमतौर पर उम्रदराज़ लोगों में देखी जाती है।हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि बच्चे, नौजवान लोग इसकी कमी से नहीं जूझ सकते।

साथ ही यह एक ऐसी कमी है जिसे ज़्यादातर मामलों में नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है या फिर सही तरह से डायग्नोज नहीं किया जाता। जिसकी वजह से कमज़ोरी, चक्कर आना, भूख न लगना और हर वक्त थकावट आपको लगातार परेशान करती है। तो ऐसे में आइए जानें कि ऐसे कौन-से फूड्स हैं, जो कमज़ोरी को दूर करने का काम करते हैं।

हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि बच्चे, नौजवान लोग इसकी कमी से नहीं जूझ सकते। साथ ही यह एक ऐसी कमी है जिसे ज़्यादातर मामलों में नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है या फिर सही तरह से डायग्नोज नहीं किया जाता। जिसकी वजह से कमज़ोरी, चक्कर आना, भूख न लगना और हर वक्त थकावट आपको लगातार परेशान करती है। तो ऐसे में आइए जानें कि ऐसे कौन-से फूड्स हैं, जो कमज़ोरी को दूर करने का काम करते हैं।

चिकन, मटन, बीफ में विटामिन-बी12 की अच्छी मात्रा होती है। खासतौर पर ऑर्गन मीट में जैसे लिवर या किडनी में विटामिन-बी12 भरपूर होता है।

दूध और दही, चीज़ जैसे अन्य डेयरी प्रोडक्ट्स भी प्रोटीन और कैल्शियम के अलावा कई विटामिन्स और खनीज से भी भरे होते हैं, जिसमें बी12 भी शामिल है। दिलचस्प बात यह है कि अध्ययनों से पता चला है कि आपका शरीर बीफ, मछली या अंडे की तुलना में दूध और डेयरी उत्पादों से बेहतर तरीके से विटामिन-बी12 को अवशोषित करता है।

अंडे भी प्रोटीन के साथ विटामिन-बी, विशेष रूप से बी 2 और बी 12 का एक बड़ा स्रोत हैं। रिसर्च से पता चलता है कि अंडे की जर्दी में सफेद हिस्से की तुलना विटामिन-बी12 की ज़्यादा मात्रा होती है। अंडे की जर्दी में मौजूद बी12 को अवशोषित करना भी आसान होता है। यही वजह है कि सिर्फ सफेदी खान की जगह पूरा अंड़ा खाने की सलाह दी जाती है।

# अंडा वेज या नॉनवेज ?

**अंडा खाना सेहत के काफी लाभदायक होता है। आपने कई लोगों को कहते सुना होगा, 'संडे हो या मंडे, रोज खाओ अंडे।' जो लोग नॉनवेज खाते हैं वो तो अंडे आसानी से खा लेते हैं, लेकिन शाकाहारी लोगों के सामने ये काफी दुविधा जनक होता है। आज हम आपका ये कंफ्यूजन खत्म करेंगे। हम आपको बताएंगे कि आखिर अंडा शाकाहारी होता है या मांसाहारी।**

## लोगों के हैं तर्क

कुछ लोगों का मानना है कि यह नॉनवेज कैटिगरी में आता है क्योंकि इसे मुर्गी देती है। इस सवाल का जवाब जवाब वैज्ञानिकों ने ढूंढ निकाला है। इस पर वैज्ञानिकों ने एक थ्योरी भी दी है, हालांकि कुछ ऐसे लोग भी उनकी इस थ्योरी को सही नहीं ठहरा रहे हैं। इसे लेकर लोगों के अलग-अलग तर्क हैं। शाकाहारी लोग मानते हैं कि अंडा मुर्गी देती है इसलिए वह नॉन-वेज माना जाएगा।

हालांकि लोगों के इस तर्क को विज्ञान झूठा साबित करता है। इसके पीछे वैज्ञानिकों का तर्क है कि दूध भी जानवर से आता है तो वो कैसे शाकाहारी हो गया?

## बाजार में मिलने वाले अंडे होते हैं अनफर्टिलाइज्ड

वहीं कुछ लोगों का मानना है कि अंडे से चूजा निकलता है इसलिए यह मांसाहारी है। जबकि बाजार में मिलने वाले सारे अंडे अनफर्टिलाइज्ड होते हैं। यानी इन अंडों से कभी भी चूजे बाहर नहीं निकलते। इस बात की गलतफहमी दूर करने के लिए वैज्ञानिकों ने भी साइंस के जरिए इस सवाल का जवाब तलाशा है। अगर इस तर्क को मान लिया जाए तो अंडा शाकाहारी हुआ।

## अंडे में होती हैं तीन परतें

अंडे में तीन परते होती हैं। पहली छिल्का, दूसरी सफेदी और तीसरा अंडे की जर्दी यानी योक। योक मतलब पीला हिस्सा। अंडे पर की गई एक रिसर्च के अनुसार इसकी सफेदी में ही सिर्फ प्रोटीन ही होता है। इसमें जानवर का कोई भी हिस्सा मौजूद नहीं होता है। इसलिए



तकनीकी रूप से एग वाइट यानी सफेदी वेज होती है।

## जर्दी में भी होता है प्रोटीन और कोलेस्ट्रोल

एग वाइट की ही तरह एग योक यानी जर्दी में भी प्रोटीन के साथ कोलेस्ट्रोल और फैट अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। अंडा मुर्गी और मुर्गे के संपर्क में आने के बाद ही पनपता है। उनमें गैमीट सेल्स होते हैं जो उसे मांसाहारी बना देते हैं। जबकि बाजार वाले अंडों में ऐसा कुछ नहीं होता है।

मुर्गी 6 महीने होने के बाद से अंडे देने लगती है। वह हर 1 या डेढ़ दिन में अंडे देती है, लेकिन बता दें कि ऐसा बिल्कुल नहीं होता कि मुर्गी किसी भी मुर्गे के साथ संपर्क में जरूर आए।

# सेहत के लिए नुकसानदायक है इन फलों के जूस का सेवन

## 1. नाशपाती का जूस

खट्टे-मीठे स्वाद वाला नाशपाती एंटीऑक्सीडेंट्स व मिनरल्स से भरपूर होता है। लेकिन इसका जूस सेहत के लिए बिल्कुल भी फायदेमंद नहीं होता है। इसकी वजह से इसमें मौजूद सॉर्बिटोल शुगर, जो आसानी से पचती नहीं है। जो अपच, गैसजैसी समस्याओं की वजह बन सकती है।

## 2. अनानास का जूस

अनानास का जूस भी खट्टा-मीठे स्वाद लिए होता है जो लोगों को बहुत पसंद आता है। लेकिन क्या आप जानते हैं इसमें शुगर की मात्रा ज्यादा होती है जिसकी वजह से शरीर में ब्लड का शुगर लेवल बढ़ सकता है। वैसे अनानास के फल में कई तरह के विटामिंस और पोषक तत्व मौजूद जाते हैं जो जूस निकालने से खत्म हो जाते हैं। तो जूस पीने की जगह अनानास खाएं।



## 3. एप्पल जूस

जहां रोज़ाना एक सेब खाना सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है वहीं इसका जूस सेहत के लिए किसी भी तरह से फायदेमंद नहीं होता क्योंकि बाहर इसका जूस बनाते वक्त बीज कई बार निकाला नहीं जाता और इन बीजों में एमिग्डैलिन केमिकल पाया जाता है।

## केदारनाथ शब्द मसीहा की पुस्तक 'न औरत' का हुआ लोकार्पण

# मजदूर महिलाओं के गर्भाशय निकालने पर केंद्रित है यह किताब





हेमलता म्हस्के

काका साहेब कालेलकर और विष्णु प्रभाकर संस्थान की ओर से गांधी हिन्दुस्तानी साहित्य सभा, 1, जवाहर लाल नेहरू मार्ग , दिल्ली में सन्निधि संगोष्ठी का आयोजन 18 फरवरी को दोपहर 1.30 बजे से 5.00 तक किया गया। संगोष्ठी के पहले सत्र में केदारनाथ शब्द मसीहा के उपन्यास "न-औरत" पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ पूरन सिंह ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ चंद्रमणि ब्रह्मदत्त जो कि जाने-माने साहित्यकार हैं और कई साहित्यिक संस्थाओं के संचालक है, मंच पर उपस्थित थे।

कार्यक्रम का प्रारंभ विख्यात साहित्यकार श्री विष्णु प्रभाकर जी के सुपुत्र अतुल कुमार जी द्वारा सभी लोगों को सन्निधि संगोष्ठी के विषय में और कार्यक्रम की रूपरेखा बताने के बाद हुआ। उपन्यास पर चर्चा की शुरुआत में लघुकथाकार और यूट्यूबर अंजू खरबंदा के रिकॉर्डिंड वक्तव्य से हुई। उसके बाद पिंकी कुमारी द्वारा केदारनाथ शब्द मसीहा के व्यक्तित्व और उनके उपन्यास के विषय में उनका वक्तव्य सुनाया गया।

प्रख्यात लेखक एवं रंगमंच पर अनेकों शानदार प्रस्तुति दे चुके श्री कैलाश चंद ने उपन्यास की आवश्यकता और उसमें उठाए गए विषयों पर प्रकाश डाला। केदारनाथ शब्द मसीहा द्वारा अपने उपन्यास के विषय में और वर्तमान दौर में ग्रामीण जीवन जी रही नारियों की दशा, उनका शोषण, समाज में फैला हुआ अनाचार,गरीबों के लिए कोढ़ बना हुआ धर्म, समाज की उदासीनता, औरत मर्द के बीच के




बीच की गैर बराबरी और उपन्यास की अनेक घटनाओं पर मार्मिक एवं प्रश्न उठाने वाला वक्तव्य दिया गया, जिसे उपस्थित सभी श्रोताओं ने मौन रहकर आत्मसात किया। डॉक्टर चंद्रमणि ब्रह्मदत्त जी ने न सिर्फ उपन्यास पर चर्चा की अपितु उसके आसपास नारी अस्मिता को लेकर अनेक उदाहरण देते हुए, लेखकों के समक्ष नए विषय भी सुझाए। उन्होंने अपने वक्तव्य में सरकारी टोल टैक्स की नाजायज वसूली और जनता को लूटने के बारे में विस्तृत चर्चा की।

समाज में फैले हुए अनाचार और नारी की दशा सहित उपन्यास पर उन्होंने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। अंत में अध्यक्षीय भाषण में डॉ पूरन सिंह ने उपन्यास की पृष्ठभूमि, औरत की दशा, ग्रामीण जीवन और पुस्तक पर अपने विचार रखे और वक्ताओं द्वारा दिए गए विचारों को रेखांकित किया। दूसरे सत्र में श्री सदानंद कवीश्वर, अंजू खरबंदा, डॉ पूरन सिंह, केदारनाथ शब्द मसीहा, पुष्पा जी एवं कई दूसरे उपस्थित श्रोताओं द्वारा अपनी लघु कथा का पाठ किया गया।

कार्यक्रम अर्चना प्रभाकर जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं उपस्थित सभी लोगों के सामूहिक चित्र लिए है। इस पूरे कार्यक्रम के सूत्रधार प्रसून लतान्त जी रहे जिन्होंने शानदार मंच संचालन किया एवं केदारनाथ शब्द मसीहा को तिलकामांझी सम्मान द्वारा सम्मानित करने की घोषणा की ।

---

# सहज और सरल भाव से पाठकों के अतंस तक पहुंचती हैं रचनाएं



डॉ पुष्पा जोशी

बहरुपिया चांद जैसा कि इस काव्य-संग्रह का नाम है। वास्तव में चांद बहरुपिया ही है। सत्ताईस नक्षत्रों को एक-एक दिन स्वयं में आत्मसात करता हुआ अपने आकार को प्रतिदिन परिवर्तित करता रहता है।

कभी दूज का चांद कभी परेवा का चांद कभी चौथ का चांद कभी पूरी तरह अदृश्य अमावस्या का कभी पूर्ण रूप धर अपनी अद्भुत छटा बिखेरता चांद.....अब देखते हैं डॉ ज्योत्स्ना जी का चांद कैसा है.....

चांदी से चमकीले
कभी पीले कभी नीले
रौशनी से भरे-भरे
तारों संग इठलाते हो
बहरुपिया हो चांद तुम
कभी मामा ,कभी भाई
कभी बेटा ,कभी साजन
कभी गहना,कभी दुल्हन

मुझे लगता है चांद के रुप वर्णन करने से कोई लेखक, कवि अछूता नहीं रहा होगा। गद्य हो या पद्य चांद सभी जगह अपनी पकड़ बनाए रहा। हमारी डॉक्टर साहिबा ने तो चांद को पूरा काव्य -संग्रह ही समर्पित कर डाला।

कवयित्री का प्रथम काव्य-संग्रह ७५ छंदमुक्त कविताओं के साथ काव्य का अमृत महोत्सव मना रहा है। बहरुपिया चांद कविता-संग्रह में कोई भी विषय अछूता नहीं रहा है। मानवता,राष्ट्र, प्रकृति, सम्बन्ध और दोस्ती पर भी कविताएं पाठकों को यहां पढ़ने को मिलेंगी।

वैसे भी दोस्ती कविता न रची गई हो तो सब निरर्थक सा लगता है। अरे ! दोस्त ही तो दोस्त की आंखों से बरसात की बूंदों में से आंसू पहचान लेता है।' दोस्ती ' 'दोस्त हैं वो मेरा ' 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेगे ' इन तीनों कविताओं का निचोड़ रही है....

बिन दोस्त जीना
क्या जीना, दोस्त
खूं के रिश्ते से भी
अज़ीज लगते हैं

दोस्त के लिए कही गई इस बात को किसी कसौटी की आवश्यकता नहीं।' पूनम की रात आज ' कविता में उत्कृष्ट श्रृंगार की छटा देखते ही बनती है-

ओढ़ के चूनर सितारों भरी
निकला लो चांद आज

यहां चांद का मानवीकरण पाठकों को देखने को मिलेगा।

' परिभाषा प्रेम की ' कविता की बानगी देखें...

तोड़ देता कारागार
काट देता लौह बन्धन
लांघता उफनते सागर
तोड़ता हर वर्जना
कुछ भी कर सकता है प्रेम
क्योंकि प्रेम तो बस प्रेम है

मेरे विचार से प्रेम को परिभाषित नहीं किया जा सकता।वह तो अनंत है,असीम है, अद्भुत अनुभूति का द्योतक है। प्रेम की कल्पना परिकल्पना उसे बांध नहीं सकते।

'प्यारी हिन्दी' , 'तेरे लिए ऐ देश मेरे ','गुरु महिमा ' कविताएं अलग-अलग कलेवर से पाठकों को अपनी भाषा का मान ,देश की शान और गुरु की सम्मान करने की सीख देंगी।

' लो जी होली तो होली ' , 'आज रंग है ',छिपाओ न प्रीत .....

होली के रंगों से पाठकों को सराबोर करती हुई कविताएं फाग के माह में पहुंचा देंगी।

डॉ ज्योत्स्ना जी काव्य-संग्रह का श्री गणेश सरस्वती वंदन फिर गुरुओं के नमन से किया है।


मेरा मानना है कि अपने प्रथम काव्य-संग्रह बहरुपिया चांद में कवयित्री डॉ ज्योत्स्ना सिंह जी ने अपने शब्द-चयन और शिल्प-सौष्ठव में परिपक्वता का परिचय देते हुए अत्यंत सहज




और सरल भाव से पाठकों के अतंस तक पहुंचने का प्रबंध कर लिया है।

आपकी काव्य का स्थाई भाव उत्कृष्टता में विराट का सृजन करे। ज्योत्स्ना जी आप कालजयी सृजन करती हुई कविता यात्रा में अग्रसर हों।

बहरुपिया चांद आपके लिए मील का पत्थर साबित हो। अमृत प्रकाशन को भी उत्कृष्ट काव्य -संग्रह प्रकाशित करने के लिए हार्दिक बधाई देती हूं। डॉ ज्योत्स्ना जी को बहरुपिया चांद कविता-संग्रह के आत्मिक बधाई, शुभकामनाएं देती हूं।





**पुस्तक समीक्षा-बहरुपिया चांद (कविता-संग्रह)**

रचयिता-डॉ.ज्योत्स्ना सिंह 'अंदलीब'
छंदमुक्त कविताएं-75 मूल्य-350 रूपए
पृष्ठ-168 अमृत प्रकाशन दिल्ली

---

**पूजा 'बहार'**



उसने बिना मांगे
सब कुछ दिया।।

दर्द दिया
तन्हाई दी
आँसू दिए
बेवफाई दी।।

ज़माने भर के
ग़म दिए।।

रुसवाईयां दीं
नहीं दिया तो बस
वो थोड़ा सा
वक़्त।।

जिस पर
मेरा हक़ था
सिर्फ मेरा!!!



राजा मीना
मीना हाई कोर्टनांगल राजावतान
दौसा (राज.) मो.9782253457

## कविता : मां

मां ऐसा कहती है
संभल संभल के चलना बेटा
दुनियां की राहों में कष्ट बहुत आएगा बेटा
जीवन की इन पड़ावों मे
ये संसार ऐसा ही हैं
जिसने सीता माता पर भी
मिथ्या आरोप लगाया था
तुम तो साधारण सी लडकी हो
दुनिया कि बातो उलझ गई तो
मार्ग भटक जाओगी
सोच समझकर निर्णय लेना बेटा
दुनिया की इन राहों में
द्रौपदी की लाज बचाने
कृष्ण मुरारी आये थे
अब तो कलयुग है कृष्ण कहां से आएंगे
कैसे तुम्हे बचायगे
तुम्हे अपनी लड़ाई
स्वयं लड़नी होगी वीरागना बनकर
अपनी रक्षा स्वयं करनी होगी
यदि हिम्मत हार गई तो
कैसे तो कैसे लड़ पाओगी
हिम्मत साहस से चलना बेटा
दुनिया की इन राहों में ।।

Friday
05 January 2024

# BNM Fantasy



## नेहा मलिक के लुक पर फिदा फैंस

नेहा मलिक ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है. उनके फैंस उनकी तस्वीरें देख दीवाने हो रहे हैं. एक्ट्रेस का ऑल ब्लैक अवतार देखकर लोगों की नींदें उड़ गई हैं. कुछ ही घंटों में इस पोस्ट पर लाइक्स और कॉमेंट्स की बाढ़ आ गई है. चलिए आपको भी नेहा की इन तस्वीरों से रूबरू करवाते हैं. नेहा मलिक के लेटेस्ट लुक को देखकर ये कहना गलत नहीं होगा कि चांदनी आसमां से जमीं पर उतर आई है. सोशल मीडिया पर उनकी लेटेस्ट तस्वीरें कहर बरसा रही हैं. वहीं, फैंस भी उनके लुक पर फिदा हो रहे हैं. चलिए दिखाते हैं नेहा की लेटेस्ट पोस्ट जिसे देख आपकी नींद भी उड़ जाएगी.

## करण जौहर ने किया फिल्मों के लिए इंस्पायरः अनन्या

अनन्या पांडे हिंदी सिनेमा की काफी टैलेंटेड एक्ट्रेसेस में से एक हैं. एक स्टारकिड होने के बावजूद वो अपनी फिल्मों की वजह से आज इंडस्ट्री का जाना माना चेहरा हैं. एक्टिंग के साथ साथ एक्ट्रेस अपने फैशन सेंस को लेकर भी सुर्खियां बटोरती हैं. इन दिनों वो आदित्य रॉय कपूर के साथ अफेयर की खबरों के लिए भी चर्चा में रहती हैं. हाल ही में अनन्या ने अपने एक्टिंग डेब्यू को लेकर खुलासा किया है. हाल ही में जेद्दा में रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान अनन्या को इंडिया को रीप्रेजेंट करने के लिए सम्मानित किया गया. इस दौरान उन्होंने डेडलाइन के साथ बातचीत की. उन्होंने अपने एक्टिंग करियर को लेकर भी कई बातें कीं. यही नहीं, उन्होंने बताया कि अगर वो एक्ट्रेस नहीं होतीं तो क्या कर रही होतीं.अनन्या पांडे ने बताया कि करण जौहर वो शख्स थे जिन्होंने उन्हें एक्टिंग करियर शुरू करने के लिए इंस्पायर किया था. इसके आगे एक्ट्रेस ने संजय लीला भंसाली के साथ फिल्म करने की ख्वाहिश के बारे में भी बताया. वहीं, जब अनन्या से पूछा गया कि वो कौन सी फिल्में थीं जिन्होंने उन्हें एक्टिंग शुरू करने के लिए मोटिवेट किया? आपको बता दें कि इस बीच उन्होंने ये भी बताया कि अगर वो एक्ट्रेस नहीं होती तो क्या होतीं. उनका कहना था कि अगर वो एक्टिंग की दुनिया में कदम नहीं रखती तो बायोलॉजी और अपने फैमिली मेडिकल बैकग्राउंड से इंस्पायर होकर मेडिकल के क्षेत्र में नाम काम करतीं.



## रानी चटर्जी ने बताया सिंगल होने का फायदा

### *बोलीं- खुद से और प्यार हो गया*



भोजपुरी फिल्मों की मशहूर अदाकारा रानी चटर्जी ने सोशल मीडिया पर तबाही मचा कर रखी है. वो आए दिन अपनी तस्वीरों से लोगों को इंप्रेस करती रहती हैं. कभी ट्रेडिशनल तो कभी ग्लैमरस आउटफिट में एक्ट्रेस अपने फैंस की निगाहें अपनी और खींच लेती हैं. हाल ही में उन्होंने अपने वर्कआउट सेशन की तस्वीरें शेयर की हैं. जो तेजी से वायरल हो रही हैं. भोजपुरी जगत की जानी मानी अदाकारा रानी चटर्जी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. उनके बारे में जितनी बातें की जाए कम हैं. रानी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर की हैं जो तेजी से वायरल हो रही हैं. रानी चटर्जी ने यह तस्वीर अपने ऑफिशल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की हैं. इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि वो वर्कआउट करती नजर आ रही हैं. वर्कआउट सेशन के दौरान ली गईं इन तस्वीरों में रानी बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इस पोस्ट के जरिए उन्होंने अपना नो मेकअप लुक भी फ्लॉन्ट किया है. वहीं, तस्वीरों के साथ रानी चटर्जी ने कैप्शन भी शेयर किया है. उन्होंने कैप्शन में लिखा है "यह खुद से और ज्यादा प्यार हो गया है. सिंगल होने का फायदा, खुद से प्यार बढ़ जाता है." अब रानी के फैंस इन तस्वीरों पर लगातार अपना प्यार लुटा रहे हैं. कुछ यूजर्स उन्हें ब्यूटी तो किसी ने सेल्फ लव को लेकर कमेंट किया है. रानी ने की ये तस्वीरें एक पार्क से शेयर की हैं, जहां वो अपने योगा मैट पर बैठकर वर्कआउट करती दिख रही हैं. इस दौरान उन्होंने ब्लैक रंग का आउटफिट कैरी किया है. इसके साथ ही रानी ने कैप भी लगाया है और व्हाइट शूज के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया है. बता दें कि रानी चटर्जी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वो अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं. फैंस उन्हें काफी सपोर्ट भी करते हैं. हाल ही में उन्होंने छठ पूजा की तस्वीरें शेयर की थीं. इसके पहले उन्होंने करवा चौथ भी मनाया था जिसकी फोटोज वायरल हुई थी.